## अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जून, 2006

**का.आ. 964(अ).—**केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 54 ङग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के उप-खंड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन गठित और रजिस्ट्रीकृत ग्रामीण विद्युतीकरण कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा उक्त धारा के प्रयोजन के लिए वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान "दीर्घ कालिक विनिर्दिष्ट आस्ति" के रूप में चार हजार पांच सौ करोड़ (तीन वर्ष पश्चात् मोचनीय) रुपए की रकम के लिए बंधपत्र जारी किए जाने के लिए अधिसूचित करती है ।

[अधिसूचना सं. 143/2006/फा. सं. 142/09/2006-टीपीएल]

शरत चंद्र, निदेशक